<u>कार्यालय पुलिस उपायुक्त काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।</u>

<u>प्रेस नोट</u>

<u>युवक की निर्मम हत्या का सफल अनावरण करते हुए हत्या में लिप्त दो आरोपियों को थाना लंका पुलिस टीम ने किया गिरफ्तार ।</u>

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा गम्भीर अपराधों की रोकथाम हेतु दिये गये निर्देशों के अनुपालन में श्री आर0एस0 गौतम पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में व अपर पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी व सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर के पर्यवेक्षण में **दिनांक 15.08.2023 को ग्राम नरोत्तमपुर स्थित खेत में मिली एक अज्ञात नवयुवक की लाश के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 0324/2023 धारा 302 भा0द0वि0** के सफल अनावरण हेतु प्रभारी निरीक्षक अश्वनी पाण्डेय के नेतृत्व में गठित टीम में शामिल उ0नि0 कुंवर अंशुमान सिंह, चौकी प्रभारी रमना, उ0नि0 प्रणव पाण्डेय, हे0का0 जितेन्द्र सिंह, का0 विरेन्द्र यादव, का0 अमित शुक्ला मय फोर्स द्वारा सीसीटीवी फुटेज, सर्विलान्स की मदद से विवेचना में प्रकाश में आये वांछित आरोपीगण की तलाश के क्रम में चौकी क्षेत्र रमना में आपस में वार्ता कर रहे थे कि मुखबिर खास की इस सूचना पर कि “साहब आपके थाना क्षेत्र में जो जघन्य हत्या की घटना हुई है उसके अभियुक्तगण मोनू कुमार व दीपक कुमार इस समय बजबजा प्लांट के पास निमार्णाधीन स्थान पर मौजूद हैं जो कहीं बाहर भागने की फिराक में हैं। यदि जल्दी करें तो पकड़े जा सकते हैं।” विश्वास कर पुलिस बल के द्वारा घेराव दबिस देते हुए पकड़ने का प्रयास किया कि हम पुलिस वालों को देखकर भागना चाहे कि आवश्यक बल प्रयोग कर दोनो व्यक्तियों को बजबजा प्लाण्ट के पास स्थित सड़क के पास से पकड़ लिया गया। नाम पता पूछा गया तो एक ने अपना नाम मोनू कुमार पुत्र श्रीनाथ निवासी नरोत्तमपुर थाना लंका वाराणसी उम्र 22 वर्ष व दूसरे ने अपना नाम दीपक कुमार पुत्र श्रीनाथ निवासी नरोत्तमपुर थाना लंका वाराणसी उम्र करीब 19 बताया। पकड़े गए आरोपीगण को कारण गिरफ्तारी बताते हुए समय करीब 20.30 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>अपराध विवरण-</u>

1. मु0अ0सं0 0324/2023 धारा 302 भा0द0वि0 व **(बढ़ोतरी धारा 394/201 भा0द0वि0)** बनाम 1. मोनू कुमार पुत्र श्रीनाथ उम्र 22 वर्ष, 2. दीपक कुमार पुत्र श्रीनाथ उम्र करीब 19 वर्ष निवासीगण नरोत्तमपुर, थाना लंका, जनपद वाराणसी ।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-पता-

1. मोनू कुमार पुत्र श्रीनाथ निवासी नरोत्तमपुर, थाना लंका, जनपद वाराणसी उम्र 22 वर्ष ।
2. दीपक कुमार पुत्र श्रीनाथ निवासी नरोत्तमपुर, थाना लंका, जनपद वाराणसी उम्र करीब 19 वर्ष ।

गिरफ्तारी का दिनांक व समय- 22/08/2023 को समय 20.30 बजे

स्थान गिरफ्तारीः बजबजा प्लांण्ट के पास सड़क के किनारे, थाना क्षेत्र लंका, वाराणसी।

विवरण बरामदगी-

1. हत्या में प्रयुक्त दो अदद ईंट के टुकड़े आलाकत्ल ।
2. अभियुक्त मोनू उपरोक्त का हत्या के समय इस्तेमाली खून लगा कपड़ा (पैन्ट, शर्ट) ।
3. एक अदद मोबाइल फोन

मृतक का नाम पताः-

1. कैलाशचन्द्र मुदुली (ट्रक खलासी) पुत्र गगन मुदुली निवासी बनाखड़ी थाना कोणार्क, जिला पुरी, उड़ीसा उम्र करीब 30 वर्ष ।

पूछताछ विवरण (घटना का विवरण) -

पकड़े गए अभियुक्तगण से पूछताछ पर **अभियुक्त मोनू द्वारा बताया गया कि** साहब "कैलाशचन्द्र मुदुली जो उड़ीसा का रहने वाला था और खलासी का काम करता था जो सब्जी लेने के लिए जा रहा था। जिसको मैं साथ लेकर रमना स्थित देशी शराब के ठेके से शराब खरीद कर पिया और पिलाया। शराब पीने के बाद मुझे उसके पास रखे पैसों और मोबाइल का लालच आ गया जिसके कारण मैने उसके सिर पर पीछे से ईंट से वार कर दिया जिससे वह जमीन पर गिर गया जिसके बाद मैने उसके चेहरे व सिर पर कई बार ईंट से वार करके मार डाला। उसकी जेब में रखे मोबाइल फोन और पैसा लेकर मैं अपने घर चला गया। साहब, यह सब मुझसे शराब के नशे व लालच के कारण हो गया, मुझे माफ कर दीजिए।

अभियुक्त दीपक द्वारा पूछताछ पर बताया गया कि साहब, "कैलाशचन्द्र मुदुली को मेरे भाई मोनू ने शराब पिलाने के बाद ईंट से मारकर हत्या कर दिया था जिसका मोबाइल मैने अपने भाई से ले लिया और पकड़े जाने से बचने के इरादे से मैने उसकी सिम निकालकर अपने फोन में लगा कर इस्तेमाल कर रहा था।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम

1. प्रभारी निरीक्षक अश्वनी पाण्डेय, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 कुंवर अंशुमान सिंह, चौकी प्रभारी रमना, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी ।
3. उ0नि0 प्रणव पाण्डेय, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
4. हे0का0 जितेन्द्र सिंह, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
5. हे0का0 दिलीप सिंह, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
6. का0 वीरेन्द्र यादव, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।

7. का0 अमित शुक्ला, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
8. का0 आशीष तिवारी, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
9. का0 कमल सिंह यादव, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
10. का0 अखिलानन्द पाण्डेय, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
11. का0 चन्दन पाण्डेय, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
12. का0 सूरज सिंह, थाना चितईपुर, कमिश्नरेट वाराणसी।
13. का0 नीरज कुमार मौर्या, थाना चितईपुर, कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल पुलिस
उपायुक्त, जोन काशी कमिश्नरेट
वाराणसी

नोटः- हत्या का सफल अनावरण करने वाली टीम के प्रोत्साहन हेतु श्री आर0एस0 गौतम पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी महोदय द्वारा 20000 रुपये नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।